able items respectively. The rent for scale furniture let out to Government servants is worked out on the basis of 23.75 per cent, of the capital cost and 13 per cent of the capital cost for non-durable and durable items respectively.

The break-up of those is as under:—

| | Durable | Non-Durable |
|---|---|---|
| | Per cent. | Per cent. |
| Interest . . . | 3·25 | 3·25 |
| Maintenance . . | 5·25 | 8·50 |
| Renewals . . . | 4·5 | 12·00 |
| | 13·00 | 23·75] |

कान्स्टीट्यूशन हाउस का पुनर्निर्माण

१६०. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या निर्माण, आवास और संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार कांस्टीट्यूशन हाउस का पुनर्निर्माण करने का विचार कर रही है; और

(ख) यदि ऐसा है तो इस योजना का विवरण क्या है और कब तक इसे अन्तिम रूप दे दिये जाने की आशा है ?

t [RECONSTRUCTION OF THE CONSTITUTION HOUSE

160. SHRI NAWAB SINGH CHAUHAN: Will the Minister of WORKS, HOUSING AND SUPPLY be pleased to state:

(a) whether Government propose to reconstruct the Constitution House; and

(b) if so, what are the details of the proposal and when it is expected to be finalised?]

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (श्री के० सी० रेड्डी): (क) जी हां, एक नया होस्टल बनाने का सुझाव है । तब तक सरकार मौजूदा इमारत में छोटे छोटे सुधार करने का विचार कर रही है ।

(ख) नये होस्टल के लिये विस्तृत विवरण बनाये जा रहे हैं । इस सुझाव को अन्तिम रूप देने में कितना समय लगेगा यह बता सकना अभी सम्भव नहीं है ।

t[THE MINISTER OF WORKS, HOUSING AND SUPPLY (SHRI K. C. REDDY) : (a) Yes, Sir. It is proposed to build a new hostel. Meanwhile making minor improvements to the existing building is engaging the attention of Government.

(b) The details for the proposed new hostel are being worked out. It is not possible, at present, to indicate the time likely to be taken in finalising the proposal.]

t [RESIDENTIAL ACCOMMODATION FOR M. Ps.

संसद सदस्यों के लिए आवास स्थान

१६१. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या निर्माण, आवास और सम्भरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संसद् सदस्यों के लिये जो २४ नये आवास स्थान सरकार बना रही है वे किस प्रकार के होंगे और क्या इनके लिये भूमि प्राप्त कर ली गई है; और

(ख) क्या संसद् सदस्यों के लिये एक कमरा वाले कुछ और फ्लैट बनाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ?

161. SHRI NAWAB SINGH CHAUHAN: Will the Minister of WORKS, HOUSING AND SUPPLY be pleased to state:

(a) what is the type of 24 new flats to be constructed by Government for the Members of Parliament and whether land for the flats has been acquired; and

(b) whether there is any proposal under consideration by Government to construct some more single room flats for the Members of Parliament?]

निर्माण, आवास और सम्भरण मंत्री (श्री के० सी० रेड्डी) :

| | | |
|---|---|---|
| (क) 'ए' टाइप | . . | ४ संख्या |
| 'डी' टाइप | . . | १६ संख्या |
| 'ई' टाइप | . . | २ संख्या |
| 'एफ' टाइप | . . | २ संख्या |

नार्थ एविन्यु में जिस स्थान पर यह भवन बनाने का विचार है वहां पर रक्षा मंत्रालय की वाहन कम्पनी स्थित है । स्थान को खाली कराने का प्रयत्न किया जा रहा है । जब स्थान खाली हो जावेगा, निर्माण कार्य शुरू किया जावेगा ।

(ख) इस समय नहीं ।

†[THE MINISTER OF WORKS, HOUSING AND SUPPLY (SHRI K. C. REEDY):

(a) 'A' type: 4 Nos.
'D' type : 16 Nos.
'E' type : 2 Nos.
'F' type : 2 Nos.

The site on North Avenue, on which these flats are proposed to be constructed, is occupied by the Transport Co of the Ministry of Defence. Efforts are being made to have the site vacated. If and when the site becomes available, construction will commence.

(b) Not at present.]

स्लम क्लीयरेंस स्कीम के अन्तर्गत योजनायें

१६२. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या निर्माण, आवास और संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि स्लम क्लीयरेंस योजना के सिलसिले में हर राज्य सरकार ने कितनी योजनायें स्वीकृति के लिये भारत सरकार के पास भेजी हैं ?

■/-/ PROJECTS UNDER THE SLUM CLEARANCE SCHEME

162. SHRI NAWAB SINGH CHAUHAN: Will the Minister of WORKS, HOUSING AND Suppi/r be pleased to state the number oi projects each State Government has sent to the Government of India for sanction in connection with the Slum Clearance Scheme?]

निर्माण, आवास और संभरण उपमंत्री (श्री अनिल के० चन्दा) : ब्यौरा साथ लगे विवरण में दे दिया गया है ।

विवरण

| राज्य का नाम | गन्दी बस्तियों को साफ करने के लिये आई हुई योजनाओं की संख्या |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश . . . | ७ |
| आसाम . . . | १ |
| बम्बई . . . | ११ |
| केरल . . . | २० |
| मद्रास . . . | १० |
| मैसूर . . . | १७ |
| राजस्थान . . . | २ |
| पश्चिमी बंगाल . . | ४ |
| कुल | ७२ |

अन्य राज्यों से अभी योजनायें नहीं आई हैं ।

†[THE DEPUTY MINISTER OF WORKS, HOUSING AND SUPPLY (SHRI ANIL K. CHANDA): A statement is attached

STATEMENT

| Name of State | No. of Slum Clearance Projects received. |
|---|---|
| Andhra Pradesh. | 7 |
| Assam | 1 |
| Bombay | 11 |
| Kerala | 20 |
| Madras | 10 |
| Mysore | 17 |
| Rajasthan | 2 |
| West Bengal | 4 |
| TOTAL | 72 |

†[] English translation.